संख्या-5/1/2018-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 मई, 2018

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - अप्रैल, 2018

अप्रैल, 2018 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1 अंक बढ़कर 288 (दो सौ अठासी) अंकों के स्तर पर रहा। सूचकांक में मार्च, 2018 एवं अप्रैल, 2018 के बीच (+) 0.35 प्रतिशत की वृद्धि रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (+) 0.73 प्रतिशत था।

सूचकांक में सर्वाधिक योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 1.01 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में चावल, मूंगफली का तेल, ताजी मछली, दूध, बैंगन, बंद गोभी, फूल गोभी, फ्रेंच बीन, हरा धनिया, भिण्डी, मेथी, पालक, मटर, आलू, मूली, टमाटर, सेब, नारियल, नींबू, आम (पका हुआ), बिजली प्रभार, पेट्रोल, सिलाई प्रभार, इत्यादि सूचकांक वृद्धि में सहायक रहे। इसके विपरीत, गेंहूँ, चना दाल, अण्डे (मुर्गी), देसी घी, हरी मिर्च, प्याज, करेला, लौकी, परवल, चीनी, फूल/फूल मालाएं, इत्यादि ने सूचकांक में वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

अप्रैल, 2018 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 4.36 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 2.21 प्रतिशत की तुलना में 3.97 प्रतिशत रहा। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 1.68 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 0.67 प्रतिशत की तुलना में 1.33 प्रतिशत रहा।

केन्द्र-स्तर पर, गोवा के सूचकांक में 8 अंक की अधिकतम वृद्धि रही जिसके बाद गिरिडीह एवं कोडर्मा (5 अंक प्रत्येक) रहे। अन्य में, 5 केन्द्रों में 4 अंक, 7 केन्द्रों में 3 अंक, 14 केन्द्रों में 2 अंक तथा 19 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत, दार्जिलिंग एवं राउरकेला (प्रत्येक) में अधिकत्तम 4 अंक की कमी रही जिसके पश्चात् अहमदाबाद एवं अमृतसर (प्रत्येक) में 2 अंक की कमी पाई गई। अन्य 9 केन्द्रों के सूचकांक में 1 अंक की कमी रही। शेष 17 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

39 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा 38 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। बेंगलूरू केन्द्र का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहा।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी मई, 2018 माह के लिए दिन शुक्रवार, जून 29, 2018 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक